(2) सही उत्तर के लिए विद्यार्थी की प्रशंसा करे

(3) बेलन की आकृति श्यामपट्ट पर बनाए और उसमें किनारे दर्शाए

(4) विद्यार्थी के हाथों में बेलन दे और प्रश्न दुबारा पूछे

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**_Direction :_** Answer the following questions by selecting the **correct/most appropriate** options.
**_निर्देश_** : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे उपयुक्त** विकल्प चुनिए।

**61.** Fill in the blanks with the correct answer :

At the onset of puberty, the size of ovaries in females ___*A*___ and produce ___*B*___. In males, ___*C*___ is produced by testes. The production of these hormones is controlled by ___*D*___.

(1) *A*—reduces; *B*—estrogen; *C*—sex hormone; *D*—adrenal gland

(2) *A*—enlarges; *B*—thyroxine; *C*—testosterone; *D*—thyroid gland

(3) *A*—reduces; *B*—estrogen; *C*—testosterone; *D*—pituitary gland

(4) *A*—enlarges; *B*—estrogen; *C*—testosterone; *D*—pituitary gland

रिक्त स्थानों को सही उत्तर से भरिए :

यौवनारंभ पर मादाओं में अंडाशय का आकार ___*A*___ जाता है और ___*B*___ उत्पन्न करता है। नर में, वृषण द्वारा ___*C*___ उत्पन्न होता है। इन हॉर्मोनों का उत्पादन ___*D*___ द्वारा नियंत्रित होता है।

(1) *A*—घट; *B*—एस्ट्रोजन; *C*—लिंग हॉर्मोन; *D*—अधिवृक्क (एड्रीनल) ग्रंथि

(2) *A*—बढ़; *B*—थाइरॉक्सिन; *C*—टेस्टोस्टेरॉन; *D*—थायरॉइड ग्रंथि

(3) *A*—घट; *B*—एस्ट्रोजन; *C*—टेस्टोस्टेरॉन; *D*—पीयूष ग्रंथि

(4) *A*—बढ़; *B*—एस्ट्रोजन; *C*—टेस्टोस्टेरॉन; *D*—पीयूष ग्रंथि

**62.** A circuit comprising three identical bulbs and a switch is connected in different arrangements as given below. In which arrangement will the bulbs glow the brightest?

(1) Arrangement *A*—All bulbs in series

(2) Arrangement *B*—All bulbs in parallel

(3) Arrangement *C*—Two bulbs in parallel connected in series with the third bulb

(4) Arrangement *D*—Two bulbs in series connected in parallel with the third bulb

एक परिपथ में तीन समरूप बल्बों और एक स्विच को विभिन्न व्यवस्थाओं में जोड़ा गया है, जैसा कि नीचे दिया गया है। किस व्यवस्था में बल्ब सर्वाधिक प्रदीप्त होंगे?

(1) व्यवस्था *A*—सभी बल्ब श्रेणीक्रम में हैं

(2) व्यवस्था *B*—सभी बल्ब पार्श्वक्रम में हैं

(3) व्यवस्था *C*—पार्श्वक्रम में संयोजित दो बल्ब तीसरे बल्ब के साथ श्रेणीक्रम में संयोजित हैं

(4) व्यवस्था *D*—श्रेणीक्रम में संयोजित दो बल्ब तीसरे बल्ब के साथ पार्श्वक्रम में संयोजित हैं

**63.** Read the following statements :

Assertion (A) : Anodizing is a method to prevent metal from corrosion.

Reason (R) : Anodizing is a process of coating iron with a layer of zinc.

Choose the correct option.

(1) Both A and R are true and R is the correct reason for A

(2) Both A and R are true but R is not the correct reason for A

(3) A is true but R is false

(4) Both A and R are false

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

अभिकथन (A) : ऐनोडीकरण धातु को संक्षारण से बचाने की एक विधि है।

कारण (R) : ऐनोडीकरण लोहे पर जिंक की एक परत चढ़ाने की प्रक्रिया है।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A और R दोनों सत्य हैं और A का R सही कारण है

(2) A और R दोनों सत्य हैं किन्तु A का R सही कारण नहीं है

(3) A सत्य है किन्तु R असत्य है

(4) A और R दोनों असत्य हैं

**64.** Why do silver articles turn black when kept in the open for a few days?

(1) Due to reaction with oxygen in air

(2) Due to reaction with hydrogen sulphide present in air

(3) Due to reaction with nitrogen oxides present in air

(4) Due to reaction with carbon monoxide present in air

चाँदी की वस्तुएँ कुछ दिनों तक वायु में खुला रखने पर काली क्यों पड़ जाती हैं?

(1) वायु की ऑक्सीजन के साथ अभिक्रिया के कारण

(2) वायु में उपस्थित हाइड्रोजन सल्फ़ाइड के साथ अभिक्रिया के कारण

(3) वायु में उपस्थित नाइट्रोजन ऑक्साइडों के साथ अभिक्रिया के कारण

(4) वायु में उपस्थित कार्बन मोनोऑक्साइड के साथ अभिक्रिया के कारण

**65.** Identify *A*, *B*, *C* and *D* in the following table :

| *Name of the salt* | *Salt obtained from* | |
|---|---|---|
| | *Acid* | *Base* |
| Ammonium chloride | HCl | *A* |
| Sodium nitrate | $HNO_3$ | *B* |
| Sodium chloride | *C* | *D* |

Choose the correct option.

(1) *A*—$NH_4OH$; *B*—$Na(OH)_2$; *C*—$HClO_2$; *D*—NaH

(2) *A*—$NH_4$; *B*—NaOH; *C*—HCl; *D*—NaOH

(3) *A*—$NH_3$; *B*—NaOH; *C*—HCl; *D*—NaOH

(4) *A*—$NH_4OH$; *B*—NaO; *C*—HCl; *D*—$NaHCO_3$

निम्न सारणी में *A*, *B*, *C* और *D* की पहचान कीजिए :

| *लवण का नाम* | *लवण प्राप्त किया गया* | |
|---|---|---|
| | *अम्ल* | *क्षार* |
| अमोनियम क्लोराइड | HCl | *A* |
| सोडियम नाइट्रेट | $HNO_3$ | *B* |
| सोडियम क्लोराइड | *C* | *D* |

सही विकल्प चुनिए।

(1) *A*—$NH_4OH$; *B*—$Na(OH)_2$; *C*—$HClO_2$; *D*—NaH

(2) *A*—$NH_4$; *B*—NaOH; *C*—HCl; *D*—NaOH

(3) *A*—$NH_3$; *B*—NaOH; *C*—HCl; *D*—NaOH

(4) *A*—$NH_4OH$; *B*—NaO; *C*—HCl; *D*—$NaHCO_3$

**66.** Read the following statements :

Step 1 : A few spoons of sugar are dissolved in water to prepare a concentrated sugar syrup.

Step 2 : The sugar syrup is heated on low flame till it caramelizes.

Choose the correct option.

(1) Step 1 is a physical change and Step 2 is a chemical change

(2) Step 1 is a chemical change and Step 2 is a physical change

(3) Both Step 1 and Step 2 are physical changes

(4) Both Step 1 and Step 2 are chemical changes

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

चरण 1 : चीनी का एक सांद्रित सिरप बनाने के लिए जल में कुछ चम्मच चीनी घोली गई।

चरण 2 : चीनी के सिरप को धीमी आँच पर कैरामेलीकरण होने तक गर्म किया गया।

सही विकल्प चुनिए।

(1) चरण 1 एक भौतिक परिवर्तन है और चरण 2 एक रासायनिक परिवर्तन है

(2) चरण 1 एक रासायनिक परिवर्तन है और चरण 2 एक भौतिक परिवर्तन है

(3) चरण 1 और चरण 2 दोनों भौतिक परिवर्तन हैं

(4) चरण 1 और चरण 2 दोनों रासायनिक परिवर्तन हैं

**67.** The ion of an element has two positive charges. The mass number of the atom is 27 and the number of neutrons is 14. What is the number of electrons in the ion?

(1) 13 (2) 10 (3) 11 (4) 15

किसी तत्त्व के आयन में दो धन आवेश हैं। परमाणु की द्रव्यमान संख्या 27 है और न्यूट्रॉनों की संख्या 14 है। आयन में इलेक्ट्रॉनों की संख्या कितनी है?

(1) 13 (2) 10 (3) 11 (4) 15

**68.** A ray of light travels from air into three media $A$, $B$ and $C$ with different optical densities. Refer to the table given below and identify $X$, $Y$, $Z$ and $W$ :

| | *Change in speed of light* | *Change in frequency of light* | *Change in wavelength of light* |
|---|---|---|---|
| Air to medium $A$ | $\underline{X}$ | $\underline{Y}$ | Decreases |
| Air to medium $B$ | Increases | No change | $\underline{Z}$ |
| Air to medium $C$ | Remains same | $\underline{W}$ | No change |

Choose the correct option.

(1) $X$—Increases; $Y$—Decreases; $Z$—Decreases; $W$—Increases

(2) $X$—Increases; $Y$—Increases; $Z$—Increases; $W$—Increases

(3) $X$—Decreases; $Y$—Remains unchanged; $Z$—Increases; $W$—Remains unchanged

(4) $X$—Decreases; $Y$—Decreases; $Z$—Increases; $W$—Remains unchanged

प्रकाश की एक किरण वायु से विभिन्न प्रकाशिक घनत्वों के तीन माध्यमों $A$, $B$ और $C$ में यात्रा करती है। नीचे दी गई सारणी का संदर्भ लीजिए और $X$, $Y$, $Z$ और $W$ को पहचानिए :

| | *प्रकाश की चाल में परिवर्तन* | *प्रकाश की आवृत्ति में परिवर्तन* | *प्रकाश की तरंगदैर्घ्यता में परिवर्तन* |
|---|---|---|---|
| वायु से माध्यम $A$ में | $\underline{X}$ | $\underline{Y}$ | घट जाती है |
| वायु से माध्यम $B$ में | वृद्धि होती है | एक जैसी है | $\underline{Z}$ |
| वायु से माध्यम $C$ में | एक जैसी रहती है | $\underline{W}$ | एक जैसी है |

सही विकल्प चुनिए।

(1) $X$—वृद्धि होती है; $Y$—घटती है; $Z$—घटती है; $W$—वृद्धि होती है

(2) $X$—वृद्धि होती है; $Y$—वृद्धि होती है; $Z$—वृद्धि होती है; $W$—वृद्धि होती है

(3) $X$—घटती है; $Y$—अपरिवर्तित रहती है; $Z$—वृद्धि होती है; $W$—अपरिवर्तित रहती है

(4) $X$—घटती है; $Y$—घटती है; $Z$—वृद्धि होती है; $W$—अपरिवर्तित रहती है

**69.** Read the following statements :

Situation A : Growth and branching of roots in the A-horizon and B-horizon is advantageous for absorption of water and minerals.

Situation B : C-horizon is rich in humus which makes soil soft and porous.

Choose the correct option.

(1) Only Situation A is true (2) Only Situation B is true

(3) Both Situations A and B are true (4) Both Situations A and B are false

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

स्थिति A : A-संस्तर स्थिति और B-संस्तर स्थिति में जड़ों की वृद्धि एवं शाखन जल एवं खनिजों के अवशोषण के लिए लाभदायक है।

स्थिति B : C-संस्तर स्थिति खाद-मिट्टी में समृद्ध है जो मृदा को कोमल और छिद्रिल बनाता है।

सही विकल्प चुनिए।

(1) केवल स्थिति A सत्य है (2) केवल स्थिति B सत्य है

(3) दोनों स्थितियाँ A और B सत्य हैं (4) दोनों स्थितियाँ A और B असत्य हैं

**70.** You are provided with China rose indicator.

In the first test tube, you add two drops of solution *A* and observe no change in colour of the solution.

In the second test tube, you add two drops of solution *B* and get green colour.

In the third test tube, you add two drops of solution *C* and get magenta (dark pink) colour.

Identify the nature of solutions *A*, *B* and *C*.

(1) *A*—Basic; *B*—Neutral; *C*—Acidic

(2) *A*—Acidic; *B*—Basic; *C*—Neutral

(3) *A*—Neutral; *B*—Basic; *C*—Acidic

(4) *A*—Neutral; *B*—Acidic; *C*—Basic

आपको चाइना रोज़ (गुड़हल) सूचक दिया गया है।

प्रथम परखनली में, आपने दो बूँदें विलयन *A* की डालीं और विलयन के रंग में किसी परिवर्तन का प्रेक्षण नहीं किया।

दूसरी परखनली में, आपने दो बूँदें विलयन *B* की डालीं और हरा रंग प्राप्त किया।

तीसरी परखनली में, आपने दो बूँदें विलयन *C* की डालीं और मैजेंटा (गहरा गुलाबी) रंग प्राप्त किया।

विलयनों *A*, *B* और *C* की प्रकृति की पहचान कीजिए।

(1) *A*—क्षारकीय; *B*—उदासीन; *C*—अम्लीय

(2) *A*—अम्लीय; *B*—क्षारकीय; *C*—उदासीन

(3) *A*—उदासीन; *B*—क्षारकीय; *C*—अम्लीय

(4) *A*—उदासीन; *B*—अम्लीय; *C*—क्षारकीय

**71.** Read the following statements :

Statement 1 : An object can have non-zero mechanical energy but zero momentum.

Statement 2 : An object can do zero work even if the force acting on the object is non-zero.

Choose the correct option.

(1) Statement 1 is true but Statement 2 is false

(2) Statement 1 is false but Statement 2 is true

(3) Both Statements 1 and 2 are true

(4) Both Statements 1 and 2 are false

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

कथन 1 : किसी पिंड की अशून्य यांत्रिक ऊर्जा हो सकती है किन्तु शून्य संवेग हो सकता है।

कथन 2 : कोई पिंड शून्य कार्य कर सकता है, तब भी अगर पिंड पर लगाया गया बल अशून्य है।

सही विकल्प चुनिए।

(1) कथन 1 सत्य है किन्तु कथन 2 असत्य है

(2) कथन 1 असत्य है किन्तु कथन 2 सत्य है

(3) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं

(4) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं

**72.** Two identical metal containers are taken. Container $A$ is painted black and the container $B$ is painted white on the outside surface.

Step 1 : Both the containers are kept in direct sunlight.

Step 2 : After few hours, both the containers are kept in a shady area.

Which of the following will be observed?

(1) Container $A$ will gain heat faster than container $B$ whereas container $B$ will lose heat faster than container $A$

(2) Container $B$ will gain heat faster than container $A$ whereas container $A$ will lose heat faster than container $B$

(3) Container $A$ will gain as well as lose heat faster than container $B$

(4) Container $B$ will gain as well as lose heat faster than container $A$

धातु के दो समरूप पात्र लिए गए। पात्र $A$ को बाहरी सतह पर काला और पात्र $B$ को बाहरी सतह पर सफेद रंगा गया।

चरण 1 : दोनों पात्रों को सूर्य की सीधी रोशनी में रखा गया।

चरण 2 : कुछ घंटों के पश्चात्, दोनों पात्रों को एक छायादार क्षेत्र में रखा गया।

निम्नलिखित में से क्या प्रेक्षित किया जाएगा?

(1) पात्र $A$, पात्र $B$ से अधिक शीघ्रता से गर्म हो जाएगा जबकि पात्र $B$, पात्र $A$ से अधिक शीघ्रता से ऊष्मा खो देगा

(2) पात्र $B$, पात्र $A$ की अपेक्षा अधिक शीघ्रता से गर्म हो जाएगा जबकि पात्र $A$, पात्र $B$ की अपेक्षा अधिक शीघ्रता से ऊष्मा खो देगा

(3) पात्र $A$, पात्र $B$ की अपेक्षा अधिक शीघ्रता से ऊष्मा ग्रहण करेगा और खोएगा

(4) पात्र $B$, पात्र $A$ की अपेक्षा अधिक शीघ्रता से ऊष्मा ग्रहण करेगा और खोएगा

**73.** Why is it difficult to cut with a blunt knife as compared to a sharp one?

(1) Pressure increases

(2) Force decreases

(3) Area of contact increases

(4) Area of contact decreases

तेज़ चाकू की तुलना में कुंद चाकू से काटना क्यों मुश्किल होता है?

(1) दाब बढ़ जाता है

(2) बल कम हो जाता है

(3) संपर्क क्षेत्र बढ़ जाता है

(4) संपर्क क्षेत्र कम हो जाता है

**74.** Which of the following can be used to increase the strength of an electromagnet?

(1) Increasing the flow of current

(2) Decreasing the number of turns of coil

(3) Using a plastic core

(4) Using an aluminium core

विद्युत्-चुंबक की शक्ति बढ़ाने के लिए निम्नलिखित में से किसका उपयोग किया जा सकता है?

(1) धारा का प्रवाह बढ़ाकर

(2) कुंडली के फेरों की संख्या कम करके

(3) प्लास्टिक कोर (क्रोड) का उपयोग करके

(4) ऐल्युमिनियम कोर (क्रोड) का उपयोग करके

**75.** Which of the following is a set of organs that do ***not*** contribute to the digestive process?

(1) Buccal cavity, oesophagus, rectum

(2) Oesophagus, large intestine, rectum

(3) Small intestine, large intestine, rectum

(4) Large intestine, small intestine, oesophagus

निम्नलिखित में से कौन-सा उन अंगों का समुच्चय है, जो पाचन क्रिया में योगदान **नहीं** देते?

(1) मुख गुहिका, ग्रसिका, मलाशय

(2) ग्रसिका, बृहदांत्र, मलाशय

(3) क्षुद्रांत्र, बृहदांत्र, मलाशय

(4) बृहदांत्र, क्षुद्रांत्र, ग्रसिका

**76.** Read the following statements :

A : Earthworm breathes through its skin and does not have lungs.

B : Tadpole breathes through gills and does not have lungs.

C : Snake breathes through its skin and does not have lungs.

Choose the correct option.

(1) A and B are true
(2) B and C are true
(3) A and C are true
(4) Only A is true

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

A : केंचुआ अपनी त्वचा के माध्यम से श्वास लेता है और उसके पास फेफड़े नहीं होते हैं।

B : बैंगची (टैडपोल) गलफड़ों के माध्यम से श्वास लेता है और उसके पास फेफड़े नहीं होते हैं।

C : साँप (सर्प) अपनी त्वचा के माध्यम से श्वास लेता है और उसके पास फेफड़े नहीं होते हैं।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A और B सत्य हैं
(2) B और C सत्य हैं
(3) A और C सत्य हैं
(4) केवल A सत्य है

**77.** Read the following, and identify $X$, $Y$, $Z$ and $W$ respectively :

$X$ : The part which produces pollen grains

$Y$ : The part where the female gamete is formed

$Z$ : The female reproductive part where pollen grains germinate

$W$ : The part of the flower which attracts insects

Choose the correct option.

(1) Pistil, stigma, ovary, sepal
(2) Anther, pistil, ovary, sepal
(3) Anther, ovary, stigma, petals
(4) Stamen, ovary, ovule, petals

निम्नलिखित को पढ़िए तथा क्रमशः $X$, $Y$, $Z$ और $W$ की पहचान कीजिए :

$X$ : वह भाग, जो परागकण उत्पन्न करता है

$Y$ : वह भाग, जिसमें मादा युग्मक की रचना होती है

$Z$ : वह मादा जननांग, जहाँ परागकण अंकुरित होते हैं

$W$ : फूल का वह भाग, जो कीटों को आकर्षित करता है

सही विकल्प चुनिए।

(1) स्त्रीकेसर, वर्तिकाग्र, अंडाशय, बाह्यदल
(2) परागकोश, स्त्रीकेसर, अंडाशय, बाह्यदल
(3) परागकोश, अंडाशय, वर्तिकाग्र, पंखुड़ियाँ
(4) पुंकेसर, अंडाशय, बीजांड, पंखुड़ियाँ

**78.** Read the following statements :

Assertion (A) : Sewage treatment is essential to prevent diseases and deaths.

Reason (R) : Sewage is a solid waste which causes water pollution and soil pollution.

Choose the correct option.

(1) Both A and R are true and R is the correct reason for A

(2) Both A and R are true but R is not the correct reason for A

(3) A is true but R is false

(4) A is false but R is true

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

अभिकथन (A) : रोगों एवं मृत्यु की रोकथाम हेतु मलजल (गंदा पानी) का उपचार अनिवार्य है।

कारण (R) : मलजल (गंदा पानी) एक ठोस अपशिष्ट है, जो जल प्रदूषण और मृदा प्रदूषण का कारण है।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A और R दोनों सत्य हैं और R, A का सही कारण है

(2) A और R दोनों सत्य हैं किन्तु R, A का सही कारण नहीं है

(3) A सत्य है किन्तु R असत्य है

(4) A असत्य है किन्तु R सत्य है

**79.** Read the following statements :

A : Spiracles and stomata are pores through which insects and leaves exchange gases respectively.

B : Spiracles in an insect are more in number as compared to stomata in a leaf.

C : Both stomata and spiracles are present on the lower surface of leaves and insect's body respectively.

Choose the correct option.

(1) A and B are true

(2) B and C are true

(3) A and C are true

(4) Only A is true

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

A : श्वासरंध्र और रंध्र छिद्र होते हैं जिनके माध्यम से क्रमशः कीट और पर्ण (पत्ते) गैसों का विनिमय (आदान-प्रदान) करते हैं।

B : किसी पर्ण (पत्ते) में रंध्रों की संख्या श्वासरंध्रों की अपेक्षा एक कीट में श्वासरंध्रों की संख्या अधिक होती है।

C : रंध्र और श्वासरंध्र दोनों ही क्रमशः पर्णों और कीटों के शरीर के निम्न पृष्ठ पर विद्यमान होते हैं।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A और B सत्य हैं

(2) B और C सत्य हैं

(3) A और C सत्य हैं

(4) केवल A सत्य है

**80.** Fill in the blanks with the correct answer :

__*A*__ pushes the blood into pulmonary artery. __*B*__ take deoxygenated blood from the heart to the lungs. __*C*__ return oxygenated blood from the lungs to the heart. From the left atrium, blood flows to the __*D*__. __*E*__ receives blood from different parts of the body.

(1) *A*—Left ventricle; *B*—Pulmonary veins; *C*—Pulmonary arteries; *D*—right auricle; *E*—Right ventricle

(2) *A*—Left ventricle; *B*—Pulmonary arteries; *C*—Pulmonary veins; *D*—right auricle; *E*—Right ventricle

(3) *A*—Right ventricle; *B*—Pulmonary arteries; *C*—Pulmonary veins; *D*—left ventricle; *E*—Right auricle

(4) *A*—Right ventricle; *B*—Pulmonary veins; *C*—Pulmonary arteries; *D*—left ventricle; *E*—Right auricle

रिक्त स्थानों को सही उत्तर से भरिए :

__*A*__ रुधिर को फुफ्फुस धमनी में ढकेलता है। __*B*__ विऑक्सीजनित रुधिर को हृदय से फेफड़ों तक ले जाती है। __*C*__ ऑक्सीजनित रुधिर को वापस फेफड़ों से हृदय तक ले जाती है। वाम अलिंद से रुधिर __*D*__ तक प्रवाहित होता है। __*E*__ शरीर के विभिन्न अंगों से रुधिर प्राप्त करता है।

(1) *A*—वाम निलय; *B*—फुफ्फुस शिराएँ; *C*—फुफ्फुस धमनियाँ; *D*—दक्षिण अलिंद; *E*—दक्षिण निलय

(2) *A*—वाम निलय; *B*—फुफ्फुस धमनियाँ; *C*—फुफ्फुस शिराएँ; *D*—दक्षिण अलिंद; *E*—दक्षिण निलय

(3) *A*—दक्षिण निलय; *B*—फुफ्फुस धमनियाँ; *C*—फुफ्फुस शिराएँ; *D*—वाम निलय; *E*—दक्षिण अलिंद

(4) *A*—दक्षिण निलय; *B*—फुफ्फुस शिराएँ; *C*—फुफ्फुस धमनियाँ; *D*—वाम निलय; *E*—दक्षिण अलिंद

**81.** Read the following statements :

Assertion (A) : Hypotheses become theories which in turn become laws.

Reason (R) : Scientific laws such as law of gravitation are absolute.

Choose the correct option.

(1) Both A and R are true and R is the correct reason for A

(2) Both A and R are true but R is not the correct reason for A

(3) A is true but R is false

(4) Both A and R are false

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

अभिकथन (A) : परिकल्पनाएँ सिद्धांत बनती हैं जो कि बाद में नियम बनते हैं।

कारण (R) : गुरुत्वाकर्षण के नियम जैसे वैज्ञानिक नियम निरपेक्ष होते हैं।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A और R दोनों सत्य हैं और R, A का सही कारण है

(2) A और R दोनों सत्य हैं किन्तु R, A का सही कारण नहीं है

(3) A सत्य है किन्तु R असत्य है

(4) A और R दोनों असत्य हैं

**82.** Sheena writes the following statements in her notebook :

$A_1$ : Cactus is a desert plant.

$A_2$ : A desert plant has very small-sized leaves.

$A_3$ : Small-sized leaves help in reducing loss of water.

Which of the following is true about $A_1$, $A_2$ and $A_3$ respectively?

(1) Inference, Observation, Hypothesis
(2) Inference, Inference, Inference
(3) Observation, Hypothesis, Inference
(4) Observation, Observation, Inference

शीना अपनी नोटबुक में निम्नलिखित कथन लिखती है :

$A_1$ : कैक्टस मरुस्थलीय पादप (पौधा) है।

$A_2$ : मरुस्थलीय पादप (पौधे) के अति छोटे (लघु) आकार के पर्ण होते हैं।

$A_3$ : छोटे (लघु) आकार के पर्ण जल की क्षति को घटाने में सहायता करते हैं।

निम्नलिखित में से कौन-सा क्रमशः $A_1$, $A_2$ और $A_3$ के संबंध में सही है?

(1) अनुमान, अवलोकन, परिकल्पना
(2) अनुमान, अनुमान, अनुमान
(3) अवलोकन, परिकल्पना, अनुमान
(4) अवलोकन, अवलोकन, अनुमान

**83.** Which of the following ***cannot*** be regarded as a 'testable question'?

(1) What is the effect of cigarette smoke on lungs?
(2) How does flu effect human immune system?
(3) When will fossil fuels run out?
(4) What does an earthworm eat?

निम्नलिखित में से किसे एक 'परीक्षणीय प्रश्न' के रूप में **नहीं** माना जा सकता है?

(1) सिगरेट के धुएँ का फेफड़ों पर क्या प्रभाव होता (पड़ता) है?
(2) फ्लू मानव प्रतिरक्षा प्रणाली पर कैसे प्रभाव डालता है?
(3) जीवाष्म ईंधन कब खत्म हो जाएँगे?
(4) केंचुआ क्या खाता है?

**84.** Read the excerpt given below :

A teacher arranged a fun trip to Qutub Minar for her learners. The learners saw the iron pillar in the Qutub complex. The teacher asked the learners to note down the details displayed about the pillar that is 1600 years old and rust-resistant. She also asked them to write those iron items in their house, which are being used regularly and are rusted and think of causes of rusting and ways to prevent rusting.

Which of the following process skills are being developed through the above-mentioned activity?

(1) Measurement, classification, inference
(2) Classification, observation, measurement
(3) Inference, classification, observation
(4) Classification, observation, hypothesis

नीचे दिया गया उद्धरण पढ़िए :

एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों के लिए कुतुब मीनार के आमोद-प्रमोद भ्रमण की व्यवस्था करती है। विद्यार्थियों ने कुतुब परिसर में लोहे का स्तंभ (पिलर) देखा। शिक्षिका ने विद्यार्थियों को स्तंभ के बारे में प्रदर्शित विवरणों को लिखने के लिए कहा जो 1600 वर्ष पुराना है और जंग-प्रतिरोधी है। वह उन्हें अपने घर के लोहे की उन वस्तुओं को लिखने को भी कहती है जो कि नियमित रूप से इस्तेमाल होती हैं तथा जिनमें जंग लगी हुई है और जंग लगने के कारण और उससे रोकथाम के तरीके सोचने के लिए कहती है।

उपर्युक्त गतिविधि से निम्नलिखित में से कौन-से प्रक्रिया कौशल विकसित हो रहे हैं?

(1) मापन, वर्गीकरण, अनुमान
(2) वर्गीकरण, अवलोकन, मापन
(3) अनुमान, वर्गीकरण, अवलोकन
(4) वर्गीकरण, अवलोकन, परिकल्पना

**85.** Which of the following does ***not*** satisfy 'process validity' of science curriculum as recommended by the National Curriculum Framework, 2005?

(1) Students investigating the acidity and basicity of different household items

(2) Students discussing the possible outcomes of connecting a piece of rubber, hairpin and lead to two open ends of an electric circuit

(3) Students involved in developing hypothesis for germination of seeds kept in a dry cotton cloth and moist cotton

(4) Students involved in making a list of elements given in the periodic table

निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 द्वारा जिस प्रकार प्रस्तावित है, उस प्रकार से विज्ञान पाठ्यचर्या की 'प्रक्रिया वैधता' को पूरा **नहीं** करता है?

(1) विद्यार्थी विभिन्न घरेलू सामानों की अम्लता और क्षारकता की जाँच (अन्वेषण) कर रहे हैं

(2) विद्यार्थी विद्युत् परिपथ के दो खुले सिरों से रबर का एक टुकड़ा, बालों की पिन और सीसा जोड़ने के संभावित प्रतिफलों की चर्चा कर रहे हैं

(3) विद्यार्थी सूखे सूती कपड़े और आर्द्र रुई में रखे बीजों के अंकुरण के लिए परिकल्पना को विकसित करने में संलिप्त हैं

(4) विद्यार्थी आवर्त सारणी में दिए गए तत्त्वों की सूची बनाने में संलिप्त हैं

**86.** The science textbooks often include interesting anecdotes from the past. One such story is that of accidental discovery of silk in China and the role of travellers and traders in introducing silk to the rest of the world through the 'Silk Route'.

What objectives of science teaching-learning are being fulfilled by including the above in the textbook?

A. To develop an understanding of nature of science

B. To develop a historical perspective

C. To develop an appreciation of how science is socially and culturally embedded

D. To reduce the burden of science content by including fun stories

Choose the correct option.

(1) A, C and D (2) B, C and D

(3) A, B and C (4) A, B and D

विज्ञान पाठ्यपुस्तकों में प्रायः ही अतीत के रुचिकर उपाख्यान शामिल होते हैं। ऐसी ही एक कहानी है चीन में रेशम की आकस्मिक खोज की तथा 'सिल्क रूट ( रेशम मार्ग)' के माध्यम से बाकी दुनिया का रेशम से परिचय कराने में यात्रियों एवं व्यापारियों की भूमिका की।

उपर्युक्त को पाठ्यपुस्तक में शामिल करने के द्वारा विज्ञान शिक्षण-अधिगम के कौन-से लक्ष्य पूर्ण हो रहे हैं?

A. विज्ञान की प्रकृति की समझ को विकसित करने का

B. ऐतिहासिक दृष्टिकोण विकसित करने का

C. इसकी सराहना विकसित करने की कि कैसे विज्ञान सामाजिक तथा सांस्कृतिक रूप से सन्निहित (अंतःस्थापित) है

D. आनंदमयी कहानियों को शामिल करने के द्वारा विज्ञान विषय-वस्तु का बोझ कम करने का

सही विकल्प चुनिए।

(1) A, C और D (2) B, C और D

(3) A, B और C (4) A, B और D

**87.** Which of the following tasks would ***not*** contribute to developing scientific temper among students?

(1) Providing hands-on experiences to students

(2) Emphasizing the historical aspects of the development of scientific concepts

(3) Reading out the tenets of nature of science

(4) Encouraging the students to ask questions

निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक स्वभाव का विकास करने में योगदान **नहीं** करेगा?

(1) विद्यार्थियों को तात्कालिक (प्रत्यक्ष) अनुभव प्रदान करना

(2) वैज्ञानिक अवधारणाओं के विकास के ऐतिहासिक पक्षों पर बल देना

(3) विज्ञान की प्रकृति के सिद्धांतों (मतों) को पढ़ना

(4) प्रश्न पूछने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करना

**88.** Which of the following is the most appropriate strategy to introduce physical properties of metals and non-metals to Grade VII learners as per the inquiry-based approach?

(1) List the differences between the physical properties of metals and non-metals on the blackboard

(2) Initiate a discussion on students' everyday experiences of using metallic and non-metallic substances

(3) Define the terms 'sonorous', 'boiling point' and 'melting point'

(4) Give a set of materials to students and ask them to deduce the properties of metals and non-metals

कक्षा VII के विद्यार्थियों को धातुओं एवं अधातुओं के भौतिक गुणों से परिचित कराने के लिए जाँच-पड़ताल-उन्मुख उपागम के अनुसार सर्वाधिक उपयुक्त रणनीति निम्नलिखित में से कौन-सी है?

(1) श्यामपट्ट पर धातुओं और अधातुओं के भौतिक गुणों के बीच के अंतरों को सूचीबद्ध करना

(2) धात्विक और अधात्विक पदार्थों का प्रयोग करने के विद्यार्थियों के दैनिक अनुभवों पर परिचर्चा करने की पहल करना

(3) 'गुंजायमान', 'क्वथनांक' और 'गलनांक' शब्दों के अर्थ की व्याख्या करना

(4) विद्यार्थियों को सामग्री का एक समुच्चय देना तथा उन्हें धातुओं और अधातुओं के गुणों का निगमन करने के लिए कहना

**89.** Read the following statements :

$S_1$ : Systematic experimentation needs to be introduced in upper primary stage to verify theoretical principles.

$S_2$ : Activities and experimental evidence play an important role in understanding nature of science.

$S_3$ : Most concepts should be arrived at by an inductive approach at upper primary level.

Choose the correct option.

(1) Both $S_1$ and $S_2$ are true and $S_2$ is the correct reason for $S_1$

(2) Both $S_1$ and $S_3$ are true and $S_3$ is the correct reason for $S_1$

(3) Both $S_2$ and $S_3$ are true but $S_1$ is false

(4) Both $S_1$ and $S_3$ are true but $S_2$ is false

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

$S_1$ : मीमांसात्मक (सैद्धांतिक) सिद्धांतों को सत्यापित करने हेतु उच्च प्राथमिक स्तर पर सुव्यवस्थित प्रयोग को प्रस्तुत करने की आवश्यकता है।

$S_2$ : विज्ञान की प्रकृति को समझने में गतिविधियाँ और प्रयोगात्मक साक्ष्य एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

$S_3$ : उच्च प्राथमिक स्तर पर आगमनात्मक उपागम द्वारा अधिकांश अवधारणाओं तक पहुँचना चाहिए।

सही विकल्प चुनिए।

(1) $S_1$ और $S_2$ दोनों सत्य हैं तथा $S_2$, $S_1$ का सही कारण है

(2) $S_1$ और $S_3$ दोनों सत्य हैं तथा $S_3$, $S_1$ का सही कारण है

(3) $S_2$ और $S_3$ दोनों सत्य हैं किन्तु $S_1$ असत्य है

(4) $S_1$ और $S_3$ दोनों सत्य हैं किन्तु $S_2$ असत्य है

**90.** Before beginning to formally teach a chapter on 'force' in Class VI, a teacher holds a discussion in which she asks children to imagine what would they do if they wish to keep a ball rolling on the ground for very long distances. How can she most suitably use the children's responses?

A. To evaluate students

B. To assess students' preconceptions

C. To determine the pedagogical strategy to be adopted to teach the concept

D. To enable students to define force

Choose the correct option.

(1) A and B | (2) B and C

(3) C and D | (4) A and C

कक्षा VI में 'बल' पर पाठ का औपचारिक रूप से पढ़ाना आरंभ करने से पहले शिक्षिका एक परिचर्चा रखती है, जिसमें वह बच्चों को यह कल्पना करने के लिए कहती है कि वे क्या करेंगे अगर वे गेंद को मैदान पर बहुत लंबी दूर तक लुढ़काए रखना चाहते हैं तो। वह बच्चों के उत्तरों का कैसे सर्वाधिक उपयुक्त रूप से प्रयोग कर सकती है?

(A) विद्यार्थियों का मूल्यांकन करने के लिए

(B) विद्यार्थियों की पूर्व-अवधारणाओं को आँकने के लिए

(C) अवधारणा के शिक्षण हेतु अपनायी जाने वाली शिक्षाशास्त्रीय रणनीति को निर्धारित करने के लिए

(D) शिक्षार्थियों को बल को परिभाषित कर पाने में सक्षम बनाने के लिए

सही विकल्प चुनिए।

(1) A और B | (2) B और C

(3) C और D | (4) A और C

**IMPORTANT / महत्त्वपूर्ण**

Candidates have to do Question Nos. **31** to **90** *Either* from Part—II (Mathematics and Science) *Or* from Part—III (Social Studies/Social Science).

परीक्षार्थियों को प्रश्न संख्या **31** से **90** **या तो** भाग—II (गणित व विज्ञान) **या** भाग—III (सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान) से करने हैं।

## PART—III / भाग—III

### SOCIAL STUDIES/SOCIAL SCIENCE / सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान

***Direction*** **:** Answer the following questions by selecting the **correct/most appropriate** options.

***निर्देश*** : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे उपयुक्त** विकल्प चुनिए।

**31.** A place, where documents and manuscripts are stored and today all National and State Governments have them, to keep all their old official records and transactions, is called

(1) Secretariat (2) Library

(3) Parliament (4) Archive

वह स्थान, जहाँ दस्तावेज और पाण्डुलिपियाँ भण्डारित की जाती हैं तथा वर्तमान में, सभी राष्ट्रीय और राज्य सरकारों के पास ये हैं, जहाँ वे अपने सभी प्राचीन कार्यालयी अभिलेख और कार्य-विवरण रखते हैं, कहलाता है

(1) सचिवालय (2) पुस्तकालय

(3) संसद (4) अभिलेखागार

**32.** Which of the following statements related to Tamil region is ***wrong***?

(1) Sangam poems mention the Muvendar.

(2) Muvendar is a Tamil word meaning three chiefs used for heads of three ruling families.

(3) The three ruling families were the Cholas, Cheras and Pandyas.

(4) Each of the three chiefs had three centres of power.

तमिल क्षेत्र से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **गलत** है?

(1) संगम कविताएँ मुवेन्दर का उल्लेख करती हैं।

(2) मुवेन्दर तमिल भाषा का शब्द है जिसका अर्थ है तीन मुखिया और यह शब्द शासन करने वाले तीन परिवारों के मुखियाओं के लिए प्रयुक्त होता था।

(3) शासन करने वाले तीन परिवार थे—चोल, चेर और पांड्य।

(4) तीनों मुखियाओं में प्रत्येक के पास सत्ता के तीन केन्द्र थे।

**33.** Assertion : The relationship between the State and religion may be a bone of contention in today's Indian polity, but history presents workable solutions.

Choose the appropriate reason/reasons for the above assertion.

A. Temples were often central to the economy and society.

B. The town of Ramdaspur had developed around the central Gurudwara called Harmandar Sahib.

C. Sufis were Muslim mystics who rejected outward religiosity and emphasized compassion for all fellow human beings.

D. History is about the battles between different States and religions.

(1) Only A, B and C
(2) Only A
(3) Only B
(4) Only D

अभिकथन : राज्य और धर्म के मध्य संबंध वर्तमान समय में भारतीय राजनीति में वाग्युद्ध का आधार हो सकता है, पर इतिहास व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत करता है।

उपर्युक्त अभिकथन के लिए उपयुक्त कारण/कारणों का चयन कीजिए।

A. मंदिर प्रायः आर्थिक व्यवस्था और समाज के लिए केन्द्रीय थे।

B. रामदासपुर का नगर हरमंदर साहिब नामक केन्द्रीय गुरुद्वारे के आस-पास विकसित किया गया।

C. सूफी मुस्लिम रहस्यवादी थे जिन्होंने बाह्य धार्मिकता का तिरस्कार किया और सभी मानवों के लिए करुणा पर बल दिया।

D. इतिहास विभिन्न राज्यों और धर्मों के मध्य युद्धों के बारे में है।

(1) केवल A, B और C
(2) केवल A
(3) केवल B
(4) केवल D

**34.** Unusual for the 12th century, Kalhana used a variety of sources. Unlike the writers of Prashastis, he was often critical about rulers and their practices. His sources include :

(1) earlier histories
(2) earlier histories and eyewitness accounts
(3) earlier histories, eyewitness accounts and documents
(4) earlier histories, eyewitness accounts, documents and inscriptions

12वीं शताब्दी के लिए असामान्य, कल्हण ने विविध प्रकार के स्रोतों का इस्तेमाल किया। प्रशस्ति के लेखकों के असमान, वह शासकों और उनकी कार्यनीतियों के बारे में अक्सर आलोचना करता था। उनके स्रोतों में शामिल हैं :

(1) प्रारंभिक इतिहास
(2) प्रारंभिक इतिहास और चश्मदीद विवरण
(3) प्रारंभिक इतिहास, चश्मदीद विवरण और दस्तावेज
(4) प्रारंभिक इतिहास, चश्मदीद विवरण, दस्तावेज और शिलालेख

**35.** Which of the following are true with regard to the Marathas?

A. Shivaji carved out a stable kingdom with the support of powerful warrior families.

B. Powerful warrior families were called 'Deshmukhs'.

C. Highly mobile, peasant pastoralists were the backbone of the Maratha army.

D. Highly mobile, peasant pastoralists were called 'Kunbis'.

Choose the correct option.

(1) Only A and C
(2) Only C and D
(3) A, B, C and D
(4) Only A, B and C

मराठाओं के संदर्भ में कौन-से कथन सही हैं?

A. शिवाजी ने शक्तिशाली योद्धा परिवारों की सहायता से स्थिर राज्य का गठन किया।

B. शक्तिशाली योद्धा परिवारों को 'देशमुख' कहा जाता था।

C. एक स्थान पर स्थिर न रहने वाले, कृषक पशुचारी मराठा सेना की रीढ़ थे।

D. एक स्थान पर स्थिर न रहने वाले, कृषक पशुचारी 'कुनबी' कहलाते थे।

सही विकल्प चुनिए।

(1) केवल A और C
(2) केवल C और D
(3) A, B, C और D
(4) केवल A, B और C

**36.** Historical claim : "The Ahom built a large State."

Choose the appropriate evidences for the above claim.

A. The Ahoms used firearms to build a large State.

B. The Ahoms made high-quality gunpowder and cannons.

C. The Ahom State depended upon forced labour.

D. In 1662, the Ahoms defeated the Mughals.

(1) A, B and C
(2) B, C and D
(3) A, C and D
(4) A, B and D

ऐतिहासिक दावा : ''अहोम ने एक बहुत बड़ा राज्य बनाया।''

उपर्युक्त दावे के लिए उपयुक्त साक्ष्यों का चयन कीजिए।

A. अहोम ने बड़ा राज्य बनाने के लिए अग्निशस्त्रों का प्रयोग किया।

B. अहोम ने उच्च गुणवत्ता वाले बारूद और तोपें बनाई।

C. अहोम राज्य बाध्य श्रमिकों पर निर्भर था।

D. 1662 में, अहोम ने मुगलों को हराया।

(1) A, B और C
(2) B, C और D
(3) A, C और D
(4) A, B और D

**37.** State the validity of the following on peasant revolts :

Assertion : Those who are oppressed do not always rise up in rebellion. They do so only at times.

Reason : In 1859, the Indigo Ryots felt that they had the support of the local Zamindars against the planters.

Conclusion : Women turned up to fight with pots, pans and kitchen implements.

(1) Assertion, Reason and Conclusion all are valid

(2) Only Assertion and Reason are valid

(3) Only Reason and Conclusion are valid

(4) Only Assertion and Conclusion are valid

कृषक क्रान्तियों पर निम्नलिखित की वैधता का उल्लेख कीजिए :

अभिकथन : वे जो उत्पीड़ित किए जाते हैं, हमेशा विद्रोही के रूप में आगे नहीं आते हैं। वे ऐसा केवल किसी एक समय में करते हैं।

कारण : 1859 में, नील के किसानों ने महसूस किया कि उन्हें रोपने वालों के विरुद्ध स्थानीय जमींदारों का समर्थन प्राप्त है।

परिणाम : महिलाएँ बर्तनों, पतीलों और रसोई के अन्य उपकरणों के साथ युद्ध के लिए आगे आयीं।

(1) अभिकथन, कारण और परिणाम सभी वैध हैं

(2) केवल अभिकथन और कारण वैध हैं

(3) केवल कारण और परिणाम वैध हैं

(4) केवल अभिकथन और परिणाम वैध हैं

**38.** The following are some facts related to Company policies during the second half of the 18th century :

A. Artisans started deserting villages.

B. The Company purchased goods in India by gold and silver.

C. The revenue collected in Bengal could finance the purchase of goods.

D. The Company became the Diwan.

Arrange them in sequence of their occurrence.

(1) B, D, C, A (2) B, A, C, D

(3) A, B, C, D (4) C, B, A, D

18वीं शताब्दी के द्वितीय अर्ध के दौरान कम्पनी की नीतियों से संबंधित कुछ तथ्य नीचे दिए गए हैं :

A. कारीगरों ने गाँवों से पलायन शुरू कर दिया।

B. कम्पनी ने भारत में स्वर्ण व चाँदी से माल खरीदा।

C. बंगाल में इकट्ठे किए गए राजस्व से माल की खरीददारी को वित्त दिया जा सका।

D. कम्पनी दीवान बन गयी।

उन्हें उनके घटित होने के क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

(1) B, D, C, A (2) B, A, C, D

(3) A, B, C, D (4) C, B, A, D

**39.** Which of the following institutional developments was/were direct outcome/outcomes of the Wood's Despatch?

A. Education departments of the government were set up in provinces.

B. Centralization of education under the Governor General took place.

C. Steps were taken to establish a system of university education.

D. Indian Civil Service colleges were set up in England.

Choose the correct option.

(1) One of the above
(2) Two of the above
(3) Three of the above
(4) All of the above

निम्नलिखित में से कौन-सा/से संस्थागत विकास वुड्स डिस्पैच का/के प्रत्यक्ष परिणाम था/थे?

A. प्रांतीय स्तर पर सरकारी शिक्षा विभागों की स्थापना।

B. शिक्षा का केंद्रीकरण गवर्नर जनरल के अधीन हुआ।

C. विश्वविद्यालय शिक्षा प्रणाली की स्थापना के लिए कदम उठाए गए।

D. भारतीय सिविल सेवा कॉलेजों की स्थापना इंग्लैंड में हुई।

सही विकल्प चुनिए।

(1) उपर्युक्त में से एक
(2) उपर्युक्त में से दो
(3) उपर्युक्त में से तीन
(4) उपर्युक्त सभी

**40.** Who amongst the following argued that before Aryan rule, there existed a golden age when warrior-peasants tilled the land and ruled the Maratha countryside in just and fair ways?

(1) Guru Nanak
(2) Ram Mohan Roy
(3) Periyar
(4) Jyotirao Phule

निम्नलिखित में से किसने तर्क दिया कि आर्य शासन से पहले, स्वर्ण युग का अस्तित्व था जब योद्धा-किसान भूमि जोतते थे और मराठा देहात में न्यायसंगत तरीके से शासन करते थे?

(1) गुरु नानक
(2) राममोहन रॉय
(3) पेरियार
(4) ज्योतिराव फुले

**41.** Consider the following statements on Non-Brahman Movement :

A. The movement came from non-Brahman castes that had acquired access to education.

B. The movement argued that the Aryans were the indigenous races.

C. The movement came from non-Brahman castes with wealth and influence.

Choose the correct option.

(1) Only A and C are valid
(2) Only B and C are valid
(3) Only C is valid
(4) Only B is valid

गैर-ब्राह्मण (नॉन-ब्राह्मण) आंदोलन पर निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

A. आंदोलन गैर-ब्राह्मण जातियों के द्वारा किया गया जिनको शिक्षा की पहुँच थी।

B. इस आंदोलन के द्वारा तर्क दिए गए कि आर्य देशज नस्ल थी।

C. आंदोलन उन गैर-ब्राह्मण जातियों से आया, जो धनी व प्रभुत्वशाली थे।

सही विकल्प चुनिए।

(1) केवल A और C वैध हैं
(2) केवल B और C वैध हैं
(3) केवल C वैध है
(4) केवल B वैध है

**42.** Social insecurities, in any society, result from a sense of alienation. In this context, the Indian Nationalist Movement was a movement :

A. to acknowledge the supremacy of people over the structures of government

B. to do away with the differences of class, colour and language

C. to acknowledge the government as being equal to the God

Choose the correct option.

(1) Only A
(2) Only B
(3) Only A and B
(4) Only B and C

किसी भी समाज में, सामाजिक असुरक्षाएँ विसंबंधन के भाव का परिणाम होती हैं। इस संदर्भ में, भारतीय राष्ट्रवादी आंदोलन एक आंदोलन था :

A. सरकार की संरचना के ऊपर लोगों की प्रभुता को मान्यता देने वाला

B. वर्ग, रंग और भाषा के अंतर को दूर करने वाला

C. सरकार को ईश्वर के बराबर मान्यता देने वाला

सही विकल्प चुनिए।

(1) केवल A
(2) केवल B
(3) केवल A और B
(4) केवल B और C

**43.** It was established in Madras (Chennai) in 1864. It worked to abolish caste distinctions and promote widow remarriage and women's education. It condemned the superstitions and rituals of orthodox Hinduism. Identify the associated movement/organization.

(1) Self-Respect Movement
(2) Veda Samaj
(3) Vedanta Samaj
(4) Theosophical Society

यह 1864 में मद्रास (चेन्नई) में स्थापित हुआ था। इसका उद्देश्य जाति-भेदभाव को समाप्त करना, विधवा पुनर्विवाह को बढ़ावा देना और महिलाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करना था। इसने रूढ़िवादी हिंदू धर्म के अंधविश्वासों और रीति-रिवाजों की निंदा की। इस आंदोलन/संस्थान की पहचान कीजिए।

(1) आत्मसम्मान आंदोलन (सेल्फ-रेस्पेक्ट मूवमेंट)
(2) वेद समाज
(3) वेदान्त समाज
(4) थियोसोफिकल सोसाइटी

**44.** After the attainment of independence, why did the demand for linguistic States intensify?

A. In the 1920s, the Indian National Congress had promised that after independence each major linguistic group would have its own province.

B. After independence, the Congress did not take any steps to honour its promise of major linguistic groups having its own province.

C. The Kannada, Telugu speakers had looked forward to having their own State. The strongest protest came from Tamil speakers of the Telugu-speaking districts.

D. Nehru and Patel were against the creation of linguistic States.

Choose the correct option.

(1) Only A, B and C  (2) Only B, C and D

(3) Only A and B  (4) Only C and D

स्वतंत्रता की प्राप्ति के बाद, भाषा के आधार पर राज्यों के गठन की माँग में तीव्रता क्यों आयी?

A. 1920 के दशक में, भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस ने वचन दिया था कि स्वतन्त्रता के बाद प्रत्येक प्रमुख भाषिक समूह का अपना प्रांत होगा।

B. स्वतंत्रता के बाद, काँग्रेस ने प्रमुख भाषिक समूहों के अपने प्रांत होने के अपने वचन को पूरा करने के बारे में कोई कदम नहीं उठाया।

C. कन्नड़, तेलुगू बोलने वाले अपना स्वयं का राज्य बनने की उम्मीद कर रहे थे। सबसे बड़ा आंदोलन तेलुगू-भाषी जिलों के तमिल-भाषियों की ओर से आया।

D. नेहरू और पटेल भाषा के आधार पर राज्य के गठन के विरुद्ध थे।

सही विकल्प चुनिए।

(1) केवल A, B और C  (2) केवल B, C और D

(3) केवल A और B  (4) केवल C और D

**45.** In about how many days does the moon move around the earth?

(1) 30 days  (2) 29 days

(3) 28 days  (4) 27 days

चंद्रमा, पृथ्वी का एक चक्कर लगभग कितने दिनों में पूरा करता है?

(1) 30 दिन  (2) 29 दिन

(3) 28 दिन  (4) 27 दिन

**46.** Match Column—A with Column—B :

| | *Column—A* | | *Column—B* |
|---|---|---|---|
| (a) | Tropic of Cancer | (i) | 23½° in Southern Hemisphere |
| (b) | Tropic of Capricorn | (ii) | 23½° in Northern Hemisphere |
| (c) | Arctic Circle | (iii) | 66½° South of the Equator |
| (d) | Antarctic Circle | (iv) | 66½° North of the Equator |

Choose the correct option.

(1) (a)–(i), (b)–(ii), (c)–(iii), (d)–(iv)

(2) (a)–(ii), (b)–(iii), (c)–(iv), (d)–(i)

(3) (a)–(ii), (b)–(i), (c)–(iv), (d)–(iii)

(4) (a)–(iii), (b)–(iv), (c)–(i), (d)–(ii)

कॉलम—A का कॉलम—B से मिलान कीजिए :

| | *कॉलम—A* | | *कॉलम—B* |
|---|---|---|---|
| (a) | कर्क रेखा | (i) | 23½° दक्षिणी गोलार्ध में |
| (b) | मकर रेखा | (ii) | 23½° उत्तरी गोलार्ध में |
| (c) | उत्तर ध्रुव वृत्त | (iii) | विषुवत् रेखा के 66½° दक्षिण में |
| (d) | दक्षिण ध्रुव वृत्त | (iv) | विषुवत् रेखा के 66½° उत्तर में |

सही विकल्प चुनिए।

(1) (a)–(i), (b)–(ii), (c)–(iii), (d)–(iv)

(2) (a)–(ii), (b)–(iii), (c)–(iv), (d)–(i)

(3) (a)–(ii), (b)–(i), (c)–(iv), (d)–(iii)

(4) (a)–(iii), (b)–(iv), (c)–(i), (d)–(ii)

**47.** Which one of the following is ***not*** correct about the earth?

(1) The earth is the third nearest planet to the sun

(2) In size, the earth is the fifth largest planet

(3) Rotation is the movement of the earth around the sun

(4) The shape of the earth is described as a geoid

पृथ्वी के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही **नहीं** है?

(1) सूर्य से दूरी के हिसाब से पृथ्वी तीसरा ग्रह है

(2) आकार में, पृथ्वी पाँचवाँ सबसे बड़ा ग्रह है

(3) पृथ्वी का सूर्य के चारों तरफ घूमना, घूर्णन कहलाता है

(4) पृथ्वी के आकार को भू-आभ कहा जाता है

**48.** Read the two statements carefully :

Statement A : At any place, a watch can be adjusted to read 12 o'clock when the sun is at the highest point in the sky, i.e., when it is mid-day.

Statement B : The time shown by such a watch will give the local time for that place.

Choose the correct option.

(1) Both A and B are true
(2) Both A and B are false
(3) A is true but B is false
(4) A is false but B is true

दोनों कथनों को पढ़िए :

कथन A : किसी भी स्थान पर जब सूर्य आकाश में अपने उच्चतम बिन्दु पर होता है, दोपहर में उस समय घड़ी में दिन के 12 बजते हैं।

(3) Teacher asks the children to read a story and after that asks comprehension-based questions

(4) Teacher gives vocabulary-based tasks

## भाग—IV

### भाषा—I : हिन्दी

*निर्देश* : परीक्षार्थी **भाग–IV** (प्रश्न सं० **91** से **120**) के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा–I** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो।

**निर्देश :** नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **91–99**) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :

एक तरफ यह लोक-साहित्य एवं लोक-विज्ञान की परम्परा है, तो दूसरी तरफ लोक-शास्त्र की परम्परा है। हम जानते हैं कि हमारे यहाँ स्मृतियों और श्रुतियों की परम्परा रही है। उसका आधार हमारी मौखिक शिक्षा परम्परा थी। मौखिक शिक्षा परम्परा हमारे घरों में एवं आश्रमों में पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलती थी। घर भी गृहस्थ आश्रम ही हुआ करते थे। हर घर की एक शुचिता होती थी, मर्यादा होती थी। कुदरती संसाधनों के उपयोग की मर्यादा। स्वास्थ्य संबंधी हमारे सुदीर्घ अनुभवों से उपजी शुचिता। इसे हम जीते थे।

हमारी इस मौखिक परम्परा में भी शिक्षा न केवल कंठस्थ होती थी, बल्कि वह कंठस्थ के बाद हृदयस्थ होती थी और हृदयस्थ करने के बाद उदरस्थ होती थी। यही वजह थी कि हमारे जेहन में वह रची-पची शिक्षा पीढ़ियों तक जिंदा रहती थी। तब पूरा समाज एक-एक शास्त्र को जीता था। किताबों की भी जरूरत नहीं थी। हमारा समाज तब सायास और सजग तरीके से इस परम्परा का पोषण करता था। एक-एक ग्रंथ तब एक एक व्यक्ति या परिवार के साथ जिंदा रहता था। यही लोकशाला थी। एक स्वावलंबी एवं निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था। सर्व सुलभ लोकशाला। आज भी जरूरत इस बात की है कि हम लोकोन्मुखी बनें और लोकजीवन के प्रामाणिक अनुभवों को अपने सीखने का साधन एवं स्रोत बनाएँ। आज जरूरत इस बात की भी है कि हम समाज में जगह-जगह पर लोकशालाओं की स्थापना करें और वहाँ पर सत्तर बरस से ऊपर के लोगों के एक समुदाय को आमंत्रित कर उनसे सीखने के अलग-अलग उपक्रम एवं आयोजन करें। आवश्यकता इस बात की है कि हम विभिन्न विषयों पर इस अनुभव-सिद्ध समुदाय की बात सुनें और उनके अनुभवों से सीखने का मानस बनाएँ। लोक-मानस में गहरे अवगाहन के बिना हम छोटे-छोटे एवं बारीक-बारीक मगर साथ ही बेशकीमती अनुभवों की थाह नहीं पा सकेंगे। आवश्यकता है धैर्य और विश्वास की। बिना धीरज धरे हम लोकशालाओं का पूरा लाभ नहीं ले सकेंगे। यहाँ यह स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि जिस अनुभव-सिद्ध समुदाय का मैं ज़िक्र कर रहा हूँ उसमें माताएँ तथा बहनें भी हैं तथा हमारे वयोवृद्ध कृषक, पशुपालक एवं कारीगर भाई लोग भी हैं। सभी जातियों और समुदायों के प्रति भी बराबरी का आस्था-भाव आवश्यक है और यह विश्वास भी जरूरी है कि सिखाने वाला सदा बड़ा होता है। यदि ऐसी आस्था के साथ हम लोकशालाओं में प्रवेश करते हैं, तो हमें ऐसी कई बातें सीखने को मिलेंगी जो आज तक विश्व की किसी भी पुस्तक का हिस्सा नहीं बन सकी हैं। तो फिर आइए, हम लोकशाला चलें।

**91.** _____ की परम्परा का वर्णन नहीं है।

(1) लोक-साहित्य

(2) लोक-विज्ञान

(3) लोक-गीत

(4) लोक-शास्त्र

**92.** मौखिक परम्परा की विशेषता नहीं है

(1) शिक्षा का कंठस्थ होना

(2) शिक्षा का पीढ़ियों तक जीवित रहना

(3) शिक्षा का पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलना

(4) किताबों की जरूरत होना

**93.** लोकशाला के लिए उचित वक्तव्य है

(1) यह स्वावलंबी एवं निःशुल्क शिक्षा देती थी

(2) परिवार एक से अधिक ग्रंथों को जीवित रखता था

(3) शिक्षा उदरस्थ फिर हृदयस्थ होती थी

(4) समाज से इसके लिए शुल्क लिया जाता था

**94.** लोकशाला के संदर्भ में किस बात की जरूरत नहीं है?

(1) लोकशालाएँ स्थापित करने की

(2) लोकोन्मुखी बनने की

(3) लोकशालाओं में किताबी ज्ञान देने की

(4) लोकशालाओं में अनुभवी लोगों को बुलाने की

**95.** लोकशाला में क्या सीखने को मिलेगा?

(1) पुस्तकों में संकलित ज्ञान

(2) पुस्तकेतर अनुभव-आधारित ज्ञान

(3) संसार में उपलब्ध समस्त ज्ञान

(4) गूगल या वेब पर उपलब्ध ज्ञान

**96.** गद्यांश के अनुसार अनुभव-सिद्ध समुदाय का अंग नहीं है

(1) वयोवृद्ध वैज्ञानिक
(2) वयोवृद्ध पशुपालक
(3) वयोवृद्ध कारीगर
(4) वयोवृद्ध कृषक

**97.** भिन्न शब्द पहचानिए :

(1) सायास
(2) सजग
(3) साहित्य
(4) सुदीर्घ

**98.** 'कुदरती संसाधनों के उपयोग की मर्यादा' का आशय है

(1) मनमर्जी से संसाधनों का उपयोग
(2) कुदरती संसाधनों का अनाप-शनाप उपयोग
(3) विकास के लिए कुदरती संसाधनों का दोहन
(4) आवश्यक होने पर ही कुदरती संसाधनों का उपयोग

**99.** 'लोकोन्मुखी' का संधि-विच्छेद है

(1) लोक+ओन्मुखी
(2) लोकोन्+मुखी
(3) लोक+उन्मुखी
(4) लोकोत्+मुखी

**निर्देश :** नीचे दिए गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **100–105**) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :

पर, त्राण कहाँ? किस्मत के लाखों भोग अभी तक बाकी हैं
धरती के तन में एक नहीं सौ रोग अभी तक बाकी हैं।
जल रही आग दुर्गंध लिए, छा रहा चतुर्दिक विकट धूम
विष के मतवाले कुटिल नाग निर्भय फण जोड़े रहे घूम।
द्वेषों का भीषण तिमिर-व्यूह, पग-पग प्रहरी है अविश्वास,
है चमू सजी दानवता की खिलखिला रहा है सर्वनाश।
पर, हो अधीर मत मानवते! पर हो अधीर मत मेरे मन!
है जूझ रही इस व्यूह-बीच धरती की कोमल एक किरण।

**100.** कवि अपने मन को अधीर होने से क्यों रोक रहा है?

(1) क्योंकि नाग घूम रहे हैं
(2) क्योंकि दानवता की चमू खिलखिला रही है
(3) क्योंकि धुआँ ही धुआँ है
(4) क्योंकि धरती की कोमल किरण जूझ रही है

**101.** 'छा रहा चतुर्दिक विकट धूम' का आशय है

(1) चारों कोनों में बहुत अधिक धुआँ है
(2) चारों ओर बहुत कम धुआँ है
(3) चारों दिशाओं में भयंकर धुआँ है
(4) चारों ओर बहुत अधिक धुआँ है

**102.** बचाव/त्राण कहाँ है?

(1) शेष बचे भोगों में
(2) कोमल किरण के जूझने में
(3) दानवता की चमू सजने में
(4) कुटिल नागों के घूमने में

**103.** नागों का गुण नहीं है

(1) विषैला होना
(2) कुटिल होना
(3) घुमक्कड़ होना
(4) निर्भय होना

**104.** भिन्न शब्द चुनिए :

(1) दानवता
(2) कुटिल
(3) कोमलता
(4) मानवता

**105.** 'हो अधीर मत मानवते!' में _____ अलंकार है।

(1) रूपक
(2) उत्प्रेक्षा
(3) मानवीकरण
(4) उपमा

**106.** निम्नलिखित में से कौन-सा भाषा में अर्थ के पहलुओं से संबंधित है?

(1) स्वनिम
(2) अर्थग्राम
(3) वाक्य-विन्यास
(4) आकृतिमूलक

**107.** निम्नलिखित में से कौन-सा भाषा अधिगम का सिद्धांत **नहीं** है?

(1) भाषा अधिगम में कौशल और ज्ञान दोनों में ही निपुणता शामिल है
(2) शिक्षार्थियों की अधिगम के प्रति उपागमों की अपनी-अपनी प्राथमिकता हो सकती है
(3) भाषा सम्प्रेषण के लिए एक उपकरण है
(4) भाषा व्याकरण की संरचना/नियमों के कंठस्थीकरण के माध्यम से सीखी जाती है

**108.** कक्षा छः का एक अध्यापक श्यामपट्ट के बिलकुल मध्य में एक शब्द लिखता है और शिक्षार्थियों से उन सभी शब्दों के बारे में सोचने-विचारने के लिए कहता है, जो मध्य में लिखे इस शब्द से संबंधित हों। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(1) लेखन-कौशल समृद्ध करना
(2) शिक्षार्थियों की शब्द-संपदा में सुधार करना
(3) व्याकरण के प्रति समझ बनाना
(4) पठन कौशल समृद्ध करना

**109.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

अभिकथन (A) : शुरुआती वर्षों में भाषाओं के अधिगम में देरी करना बच्चों के लिए नई भाषाओं के अर्जन में कठिनाई पैदा करता है।

कारण (R) : बच्चों के शुरुआती वर्ष भाषा अर्जन के लिए बहुत ही संवेदनशील अवधि होती है।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(2) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(3) A सही नहीं है तथा R सही है।
(4) A सही है तथा R सही नहीं है।

**110.** बहुभाषावाद के संदर्भ में बुनियादी चरण के राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (2022) का एक मुख्य सिद्धांत है

(1) कक्षा की बहुभाषिक प्रकृति पाठ्यचर्या के प्रभावशाली सम्प्रेषण में अवरोधक के रूप में कार्य करती है
(2) बच्चे अपने शुरुआती वर्षों में नाना प्रकार की मौखिक भाषाएँ नहीं सीख पाते हैं
(3) बहुभाषावाद के संज्ञानात्मक और सामाजिक/सांस्कृतिक दोनों ही लाभ हैं
(4) बच्चों को अपने घर की भाषा भूलने में मदद करनी चाहिए और विद्यालय का मुख्य केन्द्र इस बात पर होना चाहिए कि बच्चे विद्यालय की भाषा सीखें

**111.** कुछ वाक् समुदायों में एक ही भाषा के विविध प्रकार साथ-साथ विद्यमान हैं, सभी प्रकारों के सामाजिक कार्यों की विशिष्ट शृंखला है। इस स्थिति को किस रूप में वर्णित किया जाएगा?

(1) कोड मिश्रण (मिक्सिंग)
(2) प्रयुक्ति
(3) द्विभाषारूपिता (डिग्लॉसिया)
(4) बोली

**112.** बच्चे अपने-अपने जोड़ीदार के साथ कार्य करते हैं। एक पाठ्य सामग्री को दो खंडों में विभाजित किया जाता है। एक बालक अपनी पाठ्य सामग्री अपने जोड़ीदार को पढ़कर सुनाता है और दूसरा बालक उसे सुनकर लिखता है। फिर दोनों समूची पाठ्य सामग्री पर कार्य करते हैं। इस गतिविधि को क्या कहेंगे?

(1) जारी रहने वाला श्रुतलेख (रनिंग डिक्टेशन)
(2) शब्द जाल
(3) आंशिक श्रुतलेख
(4) कथा वाचन

**113.** निम्नलिखित में से कौन-सा भाषा की कक्षा में साहित्यिक पठन सामग्री के अध्ययन के बारे में सही **नहीं** है?

(1) साहित्यिक पठन सामग्री का प्रयोग व्याकरण शिक्षण के लिए किया जाना चाहिए

(2) साहित्यिक पठन सामग्री भाषा अधिगम के लिए सांस्कृतिक निवेश है

(3) साहित्यिक पठन सामग्री समालोचनात्मक चिंतन और विमर्श विकसित करती है

(4) साहित्यिक पठन सामग्री सराहना और आनंद के लिए है

**114.** कक्षा छः के विद्यार्थी नवीन को पाठ्य सामग्री के पठन में कठिनाई महसूस होती है। अध्यापक उसे कुछ सरल स्तर की पाठ्य सामग्री पढ़ने के लिए देता है। अध्यापक उसके लिए साझा पठन सत्रों का भी आयोजन करता है। अध्यापक द्वारा दी जा रही इस मदद को क्या कहा जाएगा?

(1) पठन तत्परता

(2) अवलम्बन (स्कैफोल्डिंग)

(3) मानस मंथन

(4) मेल-मिलाप करवाना (आइस-ब्रेकिंग)

**115.** भाषा शिक्षण-अधिगम का कौन-सा उपागम इस मत में विश्वास करता है कि 'भाषा एक आदत है'?

(1) श्रव्यभाषावाद

(2) सम्प्रेषणात्मक भाषा-शिक्षण

(3) प्राकृतिक उपागम

(4) सहयोगात्मक भाषा-अधिगम

**116.** एक बच्चे को अपठित गद्य खंड पढ़ने के लिए दिया गया है। बच्चे को इसे पढ़कर उस गद्य खंड के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर देने हैं। इस प्रकार के पठन को किस रूप में जाना जाता है?

(1) बारीकी से पठन (स्कैनिंग)

(2) विशिष्ट पठन

(3) सरसरी तौर पर पठन (स्किमिंग)

(4) विस्तृत पठन

**117.** एक अध्यापक विद्यार्थियों को पाँच चित्र दिखाता है और इन चित्रों के आधार पर कहानी लिखने के लिए कहता है। यह गतिविधि किसका उदाहरण है?

(1) दिखाओ और बताओ

(2) जिगसॉ श्रुतलेख

(3) साझा पठन

(4) रचनात्मक लेखन

**118.** निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा में प्रदर्शन-आधारित आकलन की विशेषता है?

(1) बहुवैकल्पिक प्रश्न

(2) अन्तःक्रिया के बिना प्रदर्शन

(3) संदर्भ रहित परीक्षण प्रश्न

(4) संदर्भ सहित सम्प्रेषणात्मक कार्य

**119.** पठन के बारे में दिए गए कथनों पर विचार कीजिए :

A : पठन केवल अक्षर ध्वनि संबंध की समझ और शब्दों को सही प्रकार से उच्चारित करना भर है।

B : पठन अर्थ तक पहुँचने के लिए संकेतों को डिकोड करना है।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A और B दोनों सही हैं

(2) A सही है लेकिन B गलत है

(3) B सही है लेकिन A गलत है

(4) A और B दोनों गलत हैं

**120.** एक अध्यापक को अपने विद्यार्थियों के श्रवण-कौशल का आकलन करना है। श्रवण-आकलन हेतु वह किस गतिविधि का चयन कर सकता है?

(1) बच्चों को उनकी मौखिक प्रस्तुति के आधार पर श्रेणी देना

(2) अध्यापक कहानी सुनाता है और इसके बाद बोध-आधारित प्रश्न पूछता है

(3) अध्यापक बच्चों को कहानी पढ़ने के लिए कहता है और इसके बाद बोध-आधारित प्रश्न पूछता है

(4) अध्यापक शब्द-संपदा-आधारित कार्य करने के लिए देता है

# PART—V

## LANGUAGE—II : ENGLISH

| |
|---|
| ***Direction :*** Candidates should attempt questions from **Part–V (Q. Nos. 121–150)**, if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE–II** only. |

**Read the passage given below and answer the questions that follow :**

One morning, the Emperor of China was feeling tired and sleepy. He had a lot of work to do but he could not keep his eyes open. "Perhaps I'm sick," he said to his servant. "Get my doctor!"

When the doctor arrived, the Emperor said, "I have many things to do today, but I can't keep my eyes open. Can you help me?"

The doctor opened his bag and took out a small box. There were some dry, dark leaves inside the box. He gave them to the Emperor and asked him to chew them. "They will help you. They are called tea leaves," said the doctor.

The Emperor looked at the tea leaves; then he put them in his mouth and began to chew them. They didn't taste nice at all. The Emperor refused to have them and became angry at the doctor. He asked the doctor to leave else he would chop his head.

Just as the doctor was leaving, two servants came into the room. They were carrying the Emperor's bath. It was full of hot water. Some of the tea leaves that the doctor was carrying fell into the hot water and the water smelled wonderful.

The Emperor asked his servant to bring a cup of hot water. When the servant brought a cup of hot water, the Emperor put a few tea leaves in the water. It became a beautiful golden colour and smelt flavourful. The Emperor tasted the water. There was a big smile on his face.

Then he drank up all the water.

A few minutes later, he stopped feeling sleepy. He was fully awake, and he felt youthful and strong again. The Emperor smiled at the doctor and praised him for his cleverness. He ordered his servant to give him a cup of that wonderful drink every morning. Since that day, people have grown tea in China, India and in other parts of the world.

**121.** Why did the Emperor call the doctor one morning?

(1) He wanted to eat some medicinal leaves

(2) He was feeling tired and sleepy

(3) He wanted the doctor to give him some hot water

(4) He wanted to discuss about his health with the doctor

**122.** The Emperor was angry because

(1) the tea leaves were covered with mud

(2) he couldn't chew the tea leaves

(3) the tea leaves weren't tasty

(4) the doctor gave him something that was inedible

**123.** Read the following statements and write which of the options given below is correct :

A. As he was leaving the Emperor's room, the doctor dropped some tea leaves into the Emperor's bathwater on purpose.

B. The Emperor tasted the hot tea water and soon he started feeling sleepy.

(1) Only A is correct
(2) Only B is correct
(3) Both A and B are correct
(4) Both A and B are incorrect

**124.** The doctor gave the Emperor some _____ to help him stay _____.

(1) neem leaves, awake
(2) giloy leaves, fit
(3) tea leaves, awake
(4) tea leaves, sleepy

**125.** Which one of the following words is nearest in meaning to the word 'youthful'?

(1) Elderly
(2) Adult
(3) Experienced
(4) Young

**126.** Which one of the following words is opposite in meaning to the word 'flavourful'?

(1) Yummy
(2) Nice
(3) Bland
(4) Appetizing

**127.** Identify the clause in the underlined part of the sentence :

When a few minutes had passed, he stopped feeling sleepy.

(1) Adverb clause
(2) Adjective clause
(3) Noun clause
(4) Principal clause

**128.** Which of the following statements is ***not*** true?

(1) When the servant brought the cup of hot water, the Emperor put some tea leaves into it.
(2) The Emperor tasted the water.
(3) There was a smile on his face.
(4) After drinking it, he started feeling weak and lifeless.

**Read the passage given below and answer the questions that follow :**

Legends will tell you that flamingoes are no ordinary visitors to Kachchh. They were the honoured guests of King Lakho and he had forbidden the hunting of flamingoes, which came to Kachchh from various parts of the world every year to breed. For centuries, the region had been a haven for the migratory bird. Today, Flamingo City, an island in the middle of the Rann of Kachchh, known the world over as one of the biggest breeding grounds of the Greater Flamingo, is strewn with bodies of hundreds of flamingo chicks. The parents of these chicks have fled the island due to lack of food. Zooplanktons, algae and the small fish that these birds survive on are dying due to a sudden increase in the salinity of the Rann waters. One can even see dead fish floating. Flamingoes need salt-encrusted, damp mud to build nests. The place where they build their nests has to be inaccessible to predatory cats and birds. It should also have sufficient food. The right mix of sweet and brackish water in the Rann is crucial for the proliferation of planktons and algae that the flamingoes feed on. Faced with starvation, flamingoes have fled the island leaving their chicks to fend for themselves. Till date, around a thousand flamingoes have died.

Maharaj Kumarshi Himmatsinghji, a member of the royal family of Kachchh and an expert on the birds of Kachchh, traces the problem of increased salinity in the Rann waters to the construction of dams on rivers that flow into the region. He emphasises that efforts should be made to ensure that at least some water flows into the Rann. In fact, over the years, the number of flamingoes coming to the island has decreased because of the change in salinity of the Rann water. In 1945, Salim Ali, the late ornithologist, had found 5 lakh birds on the island. Since then, the number has not gone above 2.2 lakh. However, the studies carried out on the Flamingo City so far cannot be taken as 100 percent accurate.

**129.** The flamingoes are not ordinary visitors to Kachchh as
(1) they come from Australia
(2) they are very beautiful birds
(3) they have medicinal value
(4) they have been the honoured guests of King Lakho

**130.** Flamingo City is known
(1) as a hunting ground of flamingoes
(2) as one of the biggest breeding grounds of the Greater Flamingoes
(3) for its beauty
(4) as the biggest island in the world

**131.** What has caused increased salinity in the Rann of Kachchh?
(1) Arrival of flamingoes
(2) Arrival of a large number of tourists
(3) Construction of dams on rivers that flow into the region
(4) A large number of hunting expeditions

**132.** Which one of the following words, as used in the passage, is similar in meaning to the phrase 'unable to be reached'?
(1) Visitors (2) Inaccessible
(3) Migratory (4) Proliferation

**133.** Which one of the following words is opposite in meaning to the word 'destruction'?
(1) Honoured (2) Breeding
(3) Starvation (4) Construction

**134.** Identify the clause in the underlined part of the sentence :
<u>When they were faced with starvation</u>, flamingoes fled the island leaving their chicks to fend for themselves.
(1) Adjective clause (2) Adverb clause
(3) Noun clause (4) Principal clause

**135.** Which part of the following sentence contains an error?
The right mix of (A) / sweet and brackish (B) / water in the Rann are crucial (C) / for the proliferation of algae (D).
(1) B (2) D
(3) C (4) A

**136.** The space between what a learner can do without assistance and what they can do in collaboration with adults or more capable peers is termed as

(1) level of maturity

(2) zone of proximal development

(3) zone of achievement

(4) distance learning

**137.** An impairment of language function due to localized cerebral damage which leads to difficulty in understanding and/or producing linguistic forms is called

(1) aphasia (2) dyslexia

(3) dyscalculia (4) dysarthria

**138.** The process by which the language is passed from one generation to another is called

(1) cultural transmission (2) productivity

(3) arbitrariness (4) displacement

**139.** Between 12–18 months, children begin to produce a variety of recognizable single-unit utterances. This period, in which single terms are uttered for everyday objects, is called

(1) cooing (2) telegraphic speech

(3) holophrastic stage (4) babbling

**140.** Read the statements given below on reading and writing skills :

A : The understanding of and ability to read also affects the ability to write.

B : Reading and writing are separate processes and develop independent of each other.

Choose the correct option.

(1) Both A and B are correct

(2) A is correct but B is incorrect

(3) Both A and B are incorrect

(4) A is incorrect but B is correct

**141.** All languages have certain common properties. These are called

(1) diglossia (2) language universals

(3) register (4) dialect

**142.** Acceptance of linguistic diversity in a class will

(1) hinder in attaining language fluency

(2) destroy the confidence of children leading to decreased imagination and creativity

(3) have no impact on the language learning

(4) boost up the confidence of children leading to increased imagination and creativity

**143.** Which of the following is ***not*** the characteristic of print awareness as part of emergent literacy?

(1) Handling a book

(2) Recognizing difference between letters and words

(3) Reading is done from left to right and top to bottom

(4) Starting to read full sentences

**144.** Given below are the learning outcomes for reading skill at foundational stage :

A. Reads short passages accurately and fluently with appropriate intonation, pauses and voice modulation

B. Reads a few sentences of familiar words with accuracy

C. Reads short passages accurately with appropriate intonation and pauses

Arrange them in order of progression.

(1) A, B, C
(2) B, C, A
(3) A, C, B
(4) C, A, B

**145.** Which of the following is ***not*** the part of extensive listening?

(1) Listening for the gist
(2) Listening for a main idea
(3) Making inferences
(4) Listening for certain facts and information

**146.** Which of the following tasks ***cannot*** be used for assessment of reading skill?

(1) Read aloud
(2) Multiple-choice questions based on the text read
(3) Picture-cued word identification
(4) Storytelling session by the teacher

**147.** Which of the following statements correctly defines running dictation?

(1) Students hear or read different parts of the text, then exchange information with others to complete the task.
(2) Children work in pairs. A text is divided in half. One child reads their text for the partner which the other child writes. Two of them work out the whole text.
(3) Children work in pairs. The runner runs to see the text and dictate to the partner. The partner writes the text.
(4) Teacher dictates the word/text to the class and students note it.

**148.** "A child is born with the innate capacity to acquire language." This idea of language acquisition is supported by

(1) nativist
(2) cognitivist
(3) social interactionist
(4) behaviourist

**149.** In process writing approach, the element of the writing process during which writers formally share their work with the wider audience refers to

(1) drafting
(2) publishing
(3) editing
(4) revising

**150.** For dealing with difficult words in the text, a language teacher first converts the words into mother tongue and then asks the students to memorize them. She is using

(1) grammar-translation method
(2) direct method
(3) structural approach
(4) communicative approach

# भाग—V

## भाषा—II : हिन्दी

*निर्देश* : परीक्षार्थी **भाग–V** (प्रश्न सं० **121** से **150**) के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा–II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो।

**निर्देश :** नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **121–128**) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :

यह बात ध्यान देने की है कि ईर्ष्या व्यक्ति-विशेष से होती है। यह नहीं होता कि जिस किसी को ऐश्वर्य, गुण या मन से सम्पन्न देखा उसी से ईर्ष्या हो गई। ईर्ष्या उन्हीं से होती है जिनके विषय में यह धारणा होती है कि लोगों की दृष्टि हमारे साथ-साथ उन पर भी अवश्य पड़ती होगी। अपने से दूरस्थ होने के कारण अपने साथ-साथ जिन पर लोगों का ध्यान जाने का निश्चय नहीं होता उनके प्रति ईर्ष्या नहीं उत्पन्न होती। काशी में रहने वाली किसी धानी को अमेरिका के किसी धानी की बात सुनकर ईर्ष्या नहीं होगी। हिन्दी के किसी कवि को इटली के किसी कवि का महत्त्व सुनकर ईर्ष्या नहीं होगी। संबंधियों, बालसखाओं, सहपाठियों और पड़ोसियों के बीच ईर्ष्या का विकास अधिक देखा जाता है। लड़कपन से जो आदमी एक साथ उठते-बैठते देखे गए हैं उन्हीं में से कोई एक-दूसरे की बढ़ती से जलता हुआ भी पाया गया है। यदि दो साथियों में से कोई किसी अच्छे पद पर पहुँच गया तो वह इस उद्योग में देखा जाता है कि दूसरा किसी अच्छे पद पर न पहुँचने पाए। प्रायः अपनी उन्नति के गुप्त बाधकों का पता लगाते-लगाते लोग अपने किसी बड़े पुराने मित्र तक पहुँच जाते हैं। जिस समय संसर्ग सूत्र में बाँधकर हम औरों को अपने साथ एक पंक्ति में खड़ा करते हैं उस समय सहानुभूति, सहायता आदि की संभावना प्रतिष्ठित होने के साथ ही साथ ईर्ष्या और द्वेष की संभावना की नींव भी पड़ जाती है। अपने किसी विधान से हम भलाई ही भलाई की संभावना का सूत्रपात करें और इस प्रकार भविष्य के अनिश्चय में बाधा डालें, यह कभी हो ही नहीं सकता। भविष्य की अनिश्चयात्मकता अटल और अजेय है। अपनी लाख विद्या-बुद्धि से भी हम उसे बिलकुल हटा नहीं सकते। अब ध्यान देने की बात यह निकली कि ईर्ष्या के संचार के लिए ईर्ष्या करने वाले और ईर्ष्या के पात्र के अतिरिक्त स्थिति पर ध्यान देने वाले समाज की भी आवश्यकता है। इसी समाज की धारणा पर प्रभाव डालने के लिए ही ईर्ष्या की जाती है; ऐश्वर्य, गुण या मन का गुप्त रूप से बिना किसी समुदाय को विदित कराए, सुख या संतोष भोगने के लिए नहीं।

**121.** हम ईर्ष्या किससे करते हैं?

(1) जिन्हें लोग हमारे साथ खेलता देखते हैं
(2) जिन्हें लोग हमारे साथ पढ़ता देखते हैं
(3) जिन पर लोगों की हमारे साथ दृष्टि पड़ती है
(4) जिन्हें लोग हमारे साथ नौकरी करते देखते हैं

**122.** ______ के बीच ईर्ष्या नहीं फूलती-फलती।

(1) सहपाठियों
(2) पड़ोसियों
(3) दूर रहने वालों
(4) रिश्तेदारों

**123.** किसी परिचित के प्रतिष्ठित हो जाने से

(1) उसके विकास को रोकने का मन करता है
(2) हमें कोई फर्क नहीं पड़ता है
(3) हम उसे पहले से अधिक इज्जत देते हैं
(4) ईर्ष्या और द्वेष की नींव पड़ती है

**124.** ईर्ष्या पैदा करने के लिए आवश्यक नहीं है

(1) ईर्ष्या करने वाला
(2) किसी का ऐश्वर्य
(3) ईर्ष्या का पात्र
(4) स्थिति पर ध्यान देने वाला समाज

**125.** 'सूत्रपात करना' का आशय है

(1) बहुत प्रयत्न करना
(2) कुछ न करना
(3) प्रारम्भ करना
(4) समाप्त करना

**126.** लड़कपन के साथी की बढ़ती से कोई

(1) जलता है
(2) खुश होता है
(3) द्वेष करता है
(4) सुखी होता है

**127.** 'पड़ोसियों' पड़ोसी संज्ञा का ______ रूप है।

(1) सामान्य एकवचन
(2) सामान्य बहुवचन
(3) तिर्यक बहुवचन
(4) तिर्यक एकवचन

**128.** उन्नति के गुप्त बाधक को खोजने पर हमें क्या पता चलता है?

(1) वह सहपाठी था
(2) वह बालसखा था
(3) वह पड़ोसी था
(4) वह पुराना मित्र था

**निर्देश :** नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **129–135**) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :

समाज में पड़ते ही मनुष्य देखने लगता है कि उसकी स्थिति दोहरी हो गई है। वह देखता है कि मैं यह हूँ, और मैं बड़ा समझा जाता हूँ। इस निश्चय के साथ एक यह निश्चय और जुड़ जाने से कि मैं बड़ा समझा जाता हूँ मनुष्य के आनंद या सुख के अनुभव में वृद्धि होती है। इसी प्रकार मैं क्षुद्र हूँ इस धारणा के साथ मैं क्षुद्र समझा जाता हूँ इस धारणा के योग से दुःख के अनुभव की वृद्धि होती है। इस प्रकार स्थिति के एकांत और सामाजिक दो विभाग हो जाने से कोई तो दोनों विभागों पर दृष्टि रख सकते हैं और कोई एक ही पर। शक्तिशाली और प्रतिभा सम्पन्न मनुष्य पहले यह प्रयत्न करते हैं कि 'हम ऐसे हों'। फिर वैसे हो जाने पर यदि आवश्यक हुआ तो वे यह प्रयत्न भी करते हैं कि 'हम ऐसे समझे जाएँ'। इन दोनों के प्रयत्न जुदा-जुदा हैं। संसार में शक्ति सम्पन्न सब नहीं होते, इससे बहुत से लोग स्थिति के पहले विभाग के लिए जिन प्रयत्नों की आवश्यकता है उनमें अपने को असमर्थ देख दूसरे ही विभाग से किसी प्रकार अपना संतोष करना चाहते हैं और उसी पर दृष्टि रखकर प्रयत्न करते हैं। ईर्ष्या ऐसे लोगों के हृदय में बहुत जगह पाती है और उनके प्रयत्नों में सहायक भी होती है। भाव प्रवर्तन आदि के बल से जिस समुदाय के प्राणी परस्पर ऐसे बन गए हैं कि अपने इंद्रियानुभव और भावनाओं तक को जवाब देकर दूसरों के इंद्रियानुभव और भावनाओं द्वारा निर्वाह कर सकते हैं, उसी से ईर्ष्या का विकास हो सकता है। अतः ईर्ष्या का अनन्य अधिकार मनुष्य जाति ही पर है। एक कुत्ता किसी दूसरे कुत्तों को कुछ खाते देख उसे आप खाने की इच्छा कर सकता है, पर वह यह नहीं चाह सकता कि चाहे हम खाएँ या न खाएँ वह दूसरा कुत्ता न खाने पाए। दूसरे कुत्तों की दृष्टि में हमारी स्थिति कैसी है, इसकी चिंता उस कुत्ते को न होगी। अपने विषय में दूसरों के चित्त में अच्छी धारणा उत्पन्न करने का प्रयत्न अच्छी बात है। इस प्रयत्न को जो बुरा रूप प्राप्त होता है वह असत्य के समावेश के कारण, दूसरों की धारणा की अवास्तविकता और अपनी स्थिति की सापेक्षता के कारण, जब हम अपने विषय में दूसरों की झूठी धारणा और अपनी स्थिति के सापेक्ष रूप मात्र से संतोष करना चाहते हैं तभी बुराइयों के लिए जगह होती है और ईर्ष्या की राह खुलती है।

**129.** मनुष्य का दुःख बढ़ने का कारण है

(1) लोग मुझे कुछ नहीं समझते
(2) मैं जैसा हूँ उससे कम समझा जाता हूँ
(3) मैं जैसा हूँ वैसा ही समझा जाता हूँ
(4) मैं समझा ही नहीं जाता हूँ

**130.** मनुष्य के लिए आनंददायक है

(1) मैं जैसा हूँ उससे बहुत अधिक बड़ा समझा जाता हूँ
(2) मैं जैसा हूँ उससे निम्न समझा जाता हूँ
(3) मैं जैसा हूँ वैसा ही जाना जाता हूँ
(4) मैं जैसा हूँ उससे बड़ा समझा जाता हूँ

**131.** ईर्ष्या पर _____ का एकाधिकार है।

(1) प्राणी जगत्
(2) जानवरों
(3) मानव जाति
(4) न प्राणी जगत् का न मानव जगत् का

**132.** 'मानव की स्थिति दोहरी हो गई है' का आशय है

(1) जैसा हूँ वैसा नहीं समझा जाता
(2) जैसा हूँ वैसा ही समझा जाता हूँ
(3) न समझता हूँ, न समझना चाहता हूँ
(4) कोई कुछ भी समझे मुझे फर्क नहीं पड़ता

**133.** 'ईर्ष्या ऐसे लोगों के हृदय में जगह पाती है', का आशय है

(1) ऐसे लोग ही ईर्ष्या करते हैं
(2) ऐसे लोगों के हृदय में ईर्ष्या छिपी रहती है
(3) ऐसे लोगों का हृदय ईर्ष्या से भर जाता है
(4) ऐसे लोगों के हृदय में ईर्ष्या का घर होता है

**134.** सही कथन चुनिए :

(1) ईर्ष्या का बहुवचन रूप है ईर्ष्ये।
(2) ईर्ष्या का बहुवचन रूप है इर्ष्याएँ।
(3) ईर्ष्या का बहुवचन रूप है ईर्ष्यायों।
(4) ईर्ष्या का बहुवचन रूप नहीं होता।

**135.** ''दृष्टि रखकर प्रयत्न करते हैं'' में 'रखकर' _____ है।

(1) क्रिया
(2) वर्तमानकालिक कृदंत
(3) भूतकालिक कृदंत
(4) संयोजक

**136.** एक शिक्षार्थी बिना मदद के क्या कर सकता है और किसी वयस्क या अधिक समर्थ सहपाठी के सहयोग से क्या कर सकता है, इन दोनों के बीच की स्थिति को क्या कहेंगे?

(1) परिपक्वता का स्तर
(2) निकटस्थ विकास का क्षेत्र
(3) उपलब्धि का क्षेत्र
(4) दूरस्थ अधिगम

**137.** प्रमस्तिष्क में क्षति के कारण भाषा के कार्य में विकार जिससे भाषिक स्वरूपों व नियमों को समझने और उत्पन्न करने में कठिनाई हो, उसे क्या कहेंगे?

(1) वाचाघात (अफ़ेज़िया)
(2) पठन वैकल्य (डिस्लेक्सिया)
(3) गणन वैकल्य (डिस्कैलकुलिया)
(4) उच्चारण वैकल्य (डिसरथिया)

**138.** उस प्रक्रिया का नाम बताइए जिसके द्वारा भाषा एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को स्थानांतरित होती है।

(1) सांस्कृतिक प्रसारण
(2) उत्पादकता
(3) यादृच्छिकता
(4) विस्थापन

**139.** 12–18 माह की आयु के बच्चे पहचाने जाने योग्य एक इकाईवाली ध्वनियाँ निकालना शुरू कर देते हैं, यह अवधि जिसके अंतर्गत प्रतिदिन की वस्तुओं के लिए एक ही पदावली बोली जाती है, क्या कहलाती है?

(1) कूजन (कूईंग)
(2) संक्षिप्त वाक् (टेलिग्राफ़िक)
(3) एक-शब्दीय वाक्य अवस्था
(4) बबलाना

**140.** पठन और लेखन कौशलों पर नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए :

A : पठन की समझ और योग्यता लेखन की योग्यता को प्रभावित करती है।

B : पठन और लेखन दोनों पृथक् प्रक्रियाएँ हैं और एक-दूसरे से स्वतंत्र होकर विकसित होती हैं।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A और B दोनों सही हैं
(2) A सही है लेकिन B गलत है
(3) A और B दोनों गलत हैं
(4) A गलत है लेकिन B सही है

**141.** सभी भाषाओं में कुछ सर्वसामान्य गुणधर्म होते हैं, इन्हें क्या कहा जाता है?

(1) द्विभाषारूपिता (डिग्लोसिया)
(2) भाषा सार्वभौमिक
(3) प्रयुक्ति
(4) बोलियाँ

**142.** किसी भी कक्षा में भाषिक विविधता की स्वीकार्यता

(1) भाषा प्रवाह को प्राप्त करने में अवरोध पैदा करेगी
(2) बच्चों के आत्मविश्वास को क्षति पहुँचाएगी जिससे कल्पनाशीलता और रचनात्मकता में क्षति आएगी
(3) भाषा अधिगम में किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ेगा
(4) बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि होगी परिणामस्वरूप उनकी कल्पनाशीलता और रचनात्मकता में वृद्धि होगी

**143.** उद्गामी साक्षरता के संदर्भ में मुद्रित सामग्री के प्रति जागरूकता की कौन-सी विशेषता **नहीं** है?

(1) पुस्तक पकड़ना
(2) अक्षरों और शब्दों के मध्य अंतर की पहचान कर पाना
(3) बाएँ से दाएँ और ऊपर से नीचे की ओर पढ़ पाना
(4) पूरे-पूरे वाक्य पढ़ना आरंभ करना

**144.** नीचे बुनियादी चरण के संदर्भ में पठन कौशल के अधिगम प्रतिफल दिए गए हैं, उन्हें अनुक्रम में व्यवस्थित करें।

A. संक्षिप्त खंड उपयुक्त तान-अनुतान, विराम, ध्वनि में उतार-चढ़ाव के साथ सटीकता और प्रवाह के साथ पढ़ते हैं।

B. परिचित शब्दों के कुछ वाक्यों को सटीकता के साथ पढ़ते हैं।

C. संक्षिप्त खंड उपयुक्त तान-अनुतान और विराम के साथ सटीकता से पढ़ते हैं।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A, B, C (2) B, C, A

(3) A, C, B (4) C, A, B

**145.** निम्नलिखित में से कौन-सा विस्तृत (एक्स्टेन्सिव) श्रवण का भाग **नहीं** है?

(1) सारांश के लिए श्रवण (2) मुख्य विचार बिन्दु के लिए श्रवण

(3) निष्कर्ष निकालना (4) कुछ तथ्यों व सूचनाओं के लिए श्रवण

**146.** निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य पठन कौशल के आकलन हेतु प्रयोग में **नहीं** लाया जा सकता?

(1) सस्वर पठन (2) पढ़ी गई पाठ्य सामग्री के आधार पर बहुविकल्पीय प्रश्न

(3) चित्र के माध्यम से संकेत आधारित शब्द सूचना (4) अध्यापक द्वारा कथा वाचन

**147.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन जारी रहने वाले श्रुतलेख (रनिंग डिक्टेशन) को सही रूप में परिभाषित करता है?

(1) विद्यार्थी पाठ्य सामग्री के विभिन्न अंशों को पढ़ते हैं, तत्पश्चात् कार्य को पूरा करने के लिए एक-दूसरे के साथ सूचनाओं का आदान-प्रदान करते हैं।

(2) बच्चे दो-दो के समूह में कार्य करते हैं। पाठ्य सामग्री को दो अंशों में विभाजित किया जाता है। एक बालक अपने जोड़ीदार के लिए अपना अंश पढ़ता है, दूसरा बालक उसे लिखता है। समूची पाठ्य सामग्री के लिए दोनों मिलकर कार्य करते हैं।

(3) बच्चे दो-दो के जोड़ों में कार्य करते हैं। एक बालक दौड़कर पाठ्य सामग्री देखता है और अपने जोड़ीदार को श्रुतलेख बोलता है, जोड़ीदार उस सामग्री को लिखता है।

(4) अध्यापक समूची कक्षा को शब्दों/पाठ्यसामग्री का श्रुतलेख बोलता है, विद्यार्थी उसे नोट करते हैं।

**148.** ''बालक भाषा अर्जन की सहजात क्षमता के साथ जन्म लेते हैं।'' भाषा अर्जन के इस विचार बिन्दु को किसके द्वारा समर्थन दिया गया है?

(1) प्राकृतवादी (नेटीविस्ट) (2) संज्ञानात्मक वादी

(3) सामाजिक अन्तःक्रियावादी (4) व्यवहारवादी

**149.** प्रक्रिया लेखन उपागम में लेखन प्रक्रिया का वह तत्त्व क्या कहलाएगा जिसके अंतर्गत लेखक औपचारिक रूप से अपने कार्य को बृहत्तर स्तर पर पाठकों के साथ साझा करते हैं?

(1) प्रारूप तैयार करना (2) प्रकाशन

(3) संपादन (4) पुनरावृत्ति

**150.** किसी पाठ्य सामग्री में आए कठिन शब्दों के संदर्भ में एक अध्यापक उस शब्द को मातृभाषा में बताता है और फिर विद्यार्थियों को याद करने के लिए कहता है। अध्यापक किस विधि का प्रयोग कर रहा है?

(1) व्याकरण अनुवाद विधि (2) प्रत्यक्ष विधि (डायरेक्ट)

(3) संरचनात्मक उपागम (4) सम्प्रेषणात्मक उपागम

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए स्थान**

★ ★ ★

## READ THE FOLLOWING INSTRUCTIONS CAREFULLY

1. The manner in which the different questions are to be answered has been explained in the Test Booklet which you should read carefully before actually answering the questions.
2. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with **Blue/Black Ballpoint Pen** on **Side-2** of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
3. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
4. Handle the Test Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
5. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet/Answer Sheet in the Attendance Sheet.
6. A machine will read the coded information in the OMR Answer Sheet. Hence, no information should be left incomplete and it should not be different from the information given in the Admit Card.
7. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the Examination Hall/Room.
8. Mobile phones, wireless communication devices (even in switched off mode) and the other banned items should not be brought in the Examination Hall/Room. Failing to comply with this instruction, it will be considered as using unfair means in the examination and action will be taken against them including cancellation of examination.
9. Each candidate must show on demand his/her Admit Card to the Invigilator.
10. No candidate, without special permission of the Centre Superintendent or Invigilator, should leave his/her seat.
11. The candidates should not leave the Examination Hall/Room without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where a candidate has not signed the Attendance Sheet second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **The candidates are also required to put their left hand THUMB impression in the space provided in the Attendance Sheet.**
12. Use of Electronic/Manual Calculator is prohibited.
13. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Examining Body with regard to their conduct in the Examination Hall/Room. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Examining Body.
14. No part of the Test Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
15. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Hall/Room. *The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***

## निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें

1. जिस प्रकार से विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं उसका वर्णन परीक्षा पुस्तिका में किया गया है, जिसे आप प्रश्नों का उत्तर देने से पहले ध्यान से पढ़ लें।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर-पत्र के **पृष्ठ-2** पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह **नीले/काले बॉलपॉइंट पेन** से भरें। एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है।
3. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर-पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ। परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर-पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें।
4. परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर-पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर-पत्र के कोड या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं कराई जाएगी।
5. परीक्षा पुस्तिका/उत्तर-पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका कोड व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से उपस्थिति-पत्र में लिखें।
6. OMR उत्तर-पत्र में कोडित जानकारी को एक मशीन पढ़ेगी। इसलिए कोई भी सूचना अधूरी न छोड़ें और यह प्रवेश-पत्र में दी गई सूचना से भिन्न नहीं होनी चाहिए।
7. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश-पत्र के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य-सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है।
8. मोबाइल फोन, बेतार संचार युक्तियाँ (स्विच ऑफ अवस्था में भी) और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएँ परीक्षा हॉल/कक्ष में नहीं लाई जानी चाहिए। इस सूचना का पालन न होने पर इसे परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग माना जाएगा और परीक्षार्थी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, परीक्षा रद्द करने सहित।
9. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-पत्र दिखाएँ।
10. केन्द्र अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें।
11. कार्यरत निरीक्षक को अपना उत्तर-पत्र दिए बिना एवं उपस्थिति-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल/कक्ष नहीं छोड़ेंगे। यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार उपस्थिति-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए, तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर-पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा। **परीक्षार्थी अपने बाएँ हाथ के अँगूठे का निशान उपस्थिति-पत्र में दिए गए स्थान पर अवश्य लगाएँ।**
12. इलेक्ट्रॉनिक/हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है।
13. परीक्षा हॉल/कक्ष में आचरण के लिए परीक्षार्थी परीक्षण संस्था के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं। अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला परीक्षण संस्था के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा।
14. किसी भी परिस्थिति में परीक्षा पुस्तिका और उत्तर-पत्र का कोई भाग अलग न करें।
15. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी हॉल/कक्ष छोड़ने से पूर्व उत्तर-पत्र निरीक्षक को अवश्य सौंप दें। *परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं।***